» न्यूज-ब्रीफ

16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। राजकीय एलबीएस पी. जी. महाविधालय में शुक्रवार को 16 वॉ राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार समस्त संकायों एवं कार्मिकों को मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत द्वारा दिलवाई गई। महाविद्यालय की छात्राओं को मतदाता जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। छात्राओं को मत के महत्व मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया तथा लोकतंत्र में मतदान की भूमिका के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता सक्रिय और जागरूक मतदाताओं पर निर्भर करती है तथा प्रत्येक योग्य नागरिक का मतदान करना उसका संवैधानिक दायित्व है। छात्राओं को स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज में भी मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं में लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनकी भूमिका को स्पष्ट करना रहा। इस दौरान संकाय सदस्य, मंत्रालयिक कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

राजस्थान संपर्क पोर्टल पर नई सुविधा की शुरूआत

- **निस्तारित शिकायतों की एटीआर व्हाट्सएप पर शिकायतकर्ता को भी होगी उपलब्ध**

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। राज्य सरकार द्वारा राजस्थान संपर्क शिकायत निवारण पोर्टल पर नागरिकों की सुविधा एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक नई सुविधा प्रारंभ की गई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव जन अभियोग निराकरण विभाग दिनेश कुमार ने बताया कि इस नई व्यवस्था के अंतर्गत निस्तारित शिकायतों की एटीआर (।बजपवद जंमद त्मचवतज) अब निस्तारण के बाद व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध कराई जायेगी। शिकायत के निस्तारण के बाद संबंधित एटीआर व्हाट्सएप लिंक के माध्यम से सीधे शिकायतकर्ता को भेजी जायेगी, जिससे शिकायतकर्ता को विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी सरल, त्वरित एवं सहज रूप से दस्तावेजी रूप में प्राप्त हो सकेगी। इस नई सुविधा के तहत अब शिकायतकर्ता विभाग द्वारा की गई कार्यवाही पर व्हाट्सएप के माध्यम से अपना फीडबैक भी दे सकेगा। उन्होंने बताया कि इस सुविधा के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्हाट्सएप के माध्यम से एटीआर साझा करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। इस नई सुविधा के माध्यम से शिकायत निस्तारण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, शिकायतकताओं को समय पर कार्यवाही की जानकारी प्राप्त होगी तथा डिजिटल माध्यम से एटीआर तक आसान और त्वरित पहुंच उपलब्ध होगी। राजस्थान सरकार संपर्क पोर्टल को नागरिकों के लिए अधिक सुगम बनाने तथा शिकायत निवारण व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में निरंतर नवाचार कर रही है। इसी दिशा में सम्पर्क पोर्टल पर यह नई पहल की गई है।

पानादेवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में कर्तव्यबोध दिवस का आयोजित

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। पानादेवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में महासंघ की जिला उपाध्यक्ष व प्राचार्य डॉ० भावना चौधरी ने बताया कि कार्यकम की विधिवत शुरूआत बंसत पंचमी के उपलक्ष्य में मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। उन्होने बसंत पंचमी मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए संकाय सदस्यों एवं छात्राओं को अधिकाधिक ज्ञानार्जन के लिए प्रेरित किया। महासंघ द्वारा सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती का आयोजन भी किया गया। इकाई सचिव प्रो० मनोज कुमार सैनी ने बताया कि दिनांक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती पर मनाये गए राष्ट्रीय युवा दिवस से कार्यक्रमों की श्रंखला प्रारम्भ की गई थी। आज का कर्तव्य बोध दिवस भी इसी प्रेरणा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर प्रमुख प्रो० विमल कुमार यादव ने संकाय सदस्यों को कर्तव्य बोध दिवस की महत्ता स्पष्ट करते हुए 'कर्तव्य के लिए कर्तव्य' के भाव को मजबूत करने का संदेश दिया। इकाई उपसचिव प्रो० प्रिया खंगरावत ने गीता के स्वधर्म एवं निष्काम कर्मयोग की अवधारणा को स्पष्ट करते सांस्कृतिक नवजागरण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रो. बिशम्भर दयाल, डॉ० उदयवीर तोषावर, डॉ. कमलेश यादव, प्रो. प्रतिभा पोसवाल, प्रो. चंचल, प्रो. यामिनी यादव, प्रो. ओमप्रकाश कपूरिया, सहित स्टाफ सदस्य एवं छात्राएँ उपस्थित रही।

'वंदे मातरम' गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। कृषि महाविद्यालय, पाथरेड़ी में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 23 जनवरी से 25 जनवरी तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का भव्य एवं सफल शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों के समूह द्वारा 'वंदे मातरम्' गीत की भावपूर्ण एवं ओजस्वी प्रस्तुति के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि 'वंदे मातरम्' की रचना वर्ष 1875 में महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा की गई थी, जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय चेतना का सशक्त प्रेरणास्रोत रही है। कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य एवं विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुरेन्द्र कुमार, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. डी. के. बैरवा, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच एवं सतत प्रयास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ. प्रवीण हटवाल ने विद्यार्थियों से लक्ष्य के प्रति समर्पण, अनुशासन तथा सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। पिंकी, प्रशांत, काना राम एवं रामकिशोर सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त कर कार्यक्रम को और अधिक सार्थक बनाया। इस अवसर पर सचिन, कुंदन, अजय, चेतना एवं सुमन आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में अंकित नोगिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

विद्यार्थियों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण किया

विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल वितरण की मिली सौगातें

- **सरस्वती वंदन, युवा संवाद और मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित**

सीमा सन्देश संवाददाता

योजनाओं के अंतर्गत 126.81 करोड़ रुपए की राशि का हस्तांतरण किया

कोटपूतली-बहरोड़। बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पावन अवसर पर सरस्वती वंदन, युवा संवाद और मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) के जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली में हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जयपुर के कॉमर्स कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विद्यार्थियों को कई सौगातें दी, जिसमें 3.34 लाख छात्राओं को 130 करोड़ रुपए की नि:शुल्क साइकिल वितरण एवं 4.40 लाख विद्यार्थियों को ट्रांसपोर्ट वाउचर के पेटे 53 करोड रुपए की राशि का हस्तांतरण सहित 3.6 लाख छात्राओं को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 126.81 करोड़ रुपए की राशि का हस्तांतरण किया गया।

साथ ही 700 करोड रुपए की राशि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत लाभार्थियों को हस्तांतरित की गई। इस दौरान राज्यभर में लाखों विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक सरस्वती वंदना एवं राष्ट्र गीत वंदे मातरम का गायन किया गया। प्रदेशभर के राजकीय विद्यालयों में मेगा पीटीएम का आयोजन अब तक का सबसे बड़ा शैक्षिक सहभागिता कार्यक्रम था, जिसमें अभिभावकों ने अपने बच्चों के शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास से संबंधित जानकारी शिक्षकों से साझा मंच पर प्राप्त की।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी द्वारा प्रतीकात्मक रूप से बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। इस दौरान समस्त उपस्थितगणों ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन एवं विद्यार्थियों ने वंदे मातरम् थीम पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम रामावतार मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद मीणा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पूरण कसाना सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। मंच संचालन जिला नोडल अधिकारी चिकित्सा रविकांत जांगिड ने किया।

एच.पी.वी. टीकाकरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक प्रभावी और सुरक्षित उपाय

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। स्थानीय पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर की अध्यक्षता में एच.पी.वी. टीकाकरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के शुभारम्भ में वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव मनाते हुये वंदे मातरम्-का गायन किया गया एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई गई।

बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने एच.पी.वी. टीकाकरण के बारे में प्रशिक्षण देते हुये बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर कैंसर हैं, जिसका मुख्य कारण एचपीवी संक्रमण है। एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक प्रभावी और सुरक्षित उपाय है। भारत सरकार द्वारा 14 वर्ष की बालिकाओं के लिये एचपीवी टीकाकरण अभियान शीघ्र ही प्रारम्भ किया जा रहा है। इस टीकाकरण की एक डोज पर्याप्त है, यह वैक्सीनेशन के लिये 03 माह का अभियान चलाया जावेगा, उसके पश्चात नियमित टीकाकरण दिवसों पर उपलब्ध रहेगी। एएनएम एवं नर्सिंग स्टॉफ द्वारा टीकाकरण किया जावेगा एवं आशा मोबिलाईजर एवं जागरूकता का कार्य करेंगी। उसके लिये पूर्व ही प्लान तैयार कर सूची बनाई जायेगी, कोल्ड चेन पॉईंट पर ईविन एप पर स्टॉक एवं खपत की नियमित एंट्री की जायेगी, लाभार्थी का यूविन एप पर प्री-रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। टीकाकरण सत्र पर टीकाकरण करने के पश्चात उसका पंजीकरण यूविन एप पर अनिवार्य रूप से किया जावेगा। टीकाकरण प्रमाण पत्र यूविन से डाउनलोड किया जा सकता है। ए.ई.एफ.आई. सत्र पर होना अनिवार्य है, टीकाकरण के बाद किसी भी प्रकार की प्रतिकूल घटनाये हो सकती है, जैसे दर्द, सूजन, हल्का बुखार तो घबराने की आवश्यकता नहीं है।

टीकाकरण के बाद 30 मिनट तक सत्र स्थल पर रूकना अनिवार्य है। बीडीओ हरिओम मीणा व प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज गुर्जर ने टीकाकरण के बारे में आमजन को जागरूक करने की बात कही। बीपीओ विजय तिवाड़ी ने आरसीएच गतिविधियों के बारे में बताते हुये दिये गये लक्ष्यां की शत-प्रतिषत प्राप्ति किये जाने के निर्देष दिये। इस दौरान ब्लॉक कार्यालय से लेखा सहायक महेन्द्र कुमार स्वामी व बीएनओ प्रेमप्रकाष सैनी समेत समस्त चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, नर्सिंग स्टॉफ, सीएचओ व एएनएम आदि मौजूद रहें।

शिक्षा मानव जीवन का आधार : यादव

- **अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त लाईब्रेरी का किया उद्घाटन**

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर में बसंत पंचमी के अवसर पर बालक-बालिकाओं को लाभान्वित कराने के लिये ग्रामीण बलवीर यादव द्वारा अपनी माता की स्मृति में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 63 सीट वाली शांति लाईब्रेरी का निर्माण कराया गया। इस मौके पर पूर्व गृह राज्य एवं उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर लाईब्रेरी का उद्घाटन किया एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि पूर्व गृह राज्यमंत्री यादव ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन का आधार हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा व संस्कारों को अपनाते हुये एक श्रेष्ठ अनुशासित नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रशासक पूरणमल खटीक ने की, जबकि विषिष्ठ अतिथि प्रकाश चन्द मीणा रहे। ग्रामीणों द्वारा अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

प्रवक्ता डॉ. रामकरण यादव, प्राचार्य महेश चन्द यादव व गिरदावर बलवीर सोनी ने समस्त 63 बालक-बालिकाओं के लाईब्रेरी में अध्ययन का दो माह का शुल्क देने की घोषणा की। जिनका ग्रामीणों व अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। लाईब्रेरी संचालित करने वाले सुरेश यादव के साथी द्वारा समस्त प्रकार के ऑनलाईन व ऑफलाईन नोट्स भी निःशुल्क प्रदान करने की घोषणा की गई। बलवीर यादव का उनकी बच्चों की शिक्षा सुविधा के प्रति संवेदनशीलता व अनुकरणीय कार्य की प्रशंसा करते हुये अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

इस दौरान हव. रामकिशोर यादव, शंकर यादव गुरूजी, जीतू यादव गुरूजी, प्रशांत सिंह गुरूजी, अमित यादव गुरूजी, बलवीर यादव, सुरेश यादव, पूजा यादव, हरिराम सैन, प्रकाश यादव, अमित यादव, राजेंद्र सिंह तंवर, प्रकाश आर्य, हरदयाल यादव, सरदाराराम यादव, राजेश यादव, सुबेसिंह यादव, कैलाश, रामस्वरूप, जगदीश, रामावतार सांपला, संग्राम सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

कार्यालय नगर परिषद शाहपुरा, जयपुर (राज.)
Ph. 01422-272066 Email- shahpura.jaipur@gmail.com
क्रमांक :–न0प0शा0 / 2025–26 / 962 दिनांक :– 20.01.2026
निविदा सूचना वर्ष 2025–26
नगर परिषद शाहपुरा जयपुर द्वारा निम्नानुसार कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है विस्तुत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in तथा कार्यालय समय सूचना बोर्ड पर देखा जा सकता है।

SPPP UBN	NIB CODE
DLB2526GSOB31310	DLB2526B0511

राज.संवाद / सी / 25 / 18381
आयुक्त
नगर परिषद शाहपुरा, जयपुर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड पीलीबंगा
क्रमांकः-2595 दिनांकः- 14-01-2026
ई-निविदा सूचना सं. 22 वर्ष 2025-26
इच्छुक निविदादाताओं से सार्वजनिक निर्माण विभाग पीलीबंगा के अधीन वर्ष 2025-26 हेतु एक कार्य बाबत् ऑन लाईन निविदा दिनांक 15.01.2026 समय प्रातः 09:30 बजे से दिनांक 26.01.2026 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण राज्य सरकार के प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://pwd.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। निविदा की अनुमानित लागत राशि रुपये 22.93 लाख है।
NIB-PWD2526A5178
UBN Code- PWD2526WSOB20986
DIPR/C/999/2026 अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि खण्ड पीलीबंगा

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, ANUPGARH SHAKHA WR DIV.1 SRIVIJAYNAGAR
No. 4598-4607 Date:-14.01.2026
Notice inviting Bid (NIB code _WRD2526A0629)
Bids for Dewatering of water- Logged Area at Village Bhopalpura near IGMN canal RD 380.000 to 388. under the Jurisdition of sub division-1 Birdhwal Head for the year 2025-26 are invited from interested bidders up to 06:00 PM Dated 27.01.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Departmental website. Tenders are to be submitted only online in electronic form on website **(https://eproc.rajasthan.gov.in).** The approximate value of the procurement is RS 41.31 lakh
UBN-WRD2526WSOB02195
- Executive Engineer Anupgarh Shakha WR Dn. 1st Sri Vijaynagar.

ई-नीलामी विक्रय सूचना
एडेलवेइस असेट रिकन्स्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
सीआईएन-U67100MH2007PLC174759
खुदरा केन्द्रीय व पंजीकृत कार्यालय : एडेलवेइस हाउस, ऑफ सीएसटी रोड, कलिना, मुम्बई-400098
प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के अधीन अचल सुरक्षित आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
यहां उल्लिखित असाइनर (जिसे इसके बाद ('असाइनर/मूल ऋणदाता') कहा जाएगा) की वित्तीय सुविधाओं को एडेलवेइस असेट रिकन्स्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड इसकी ट्रस्टी की क्षमता में कार्य करते हुए सौंपा है जो उपलब्ध कॉलम में उल्लेखित किया गया है। इस समनुदेश की पालना में ईएआरसी सुरक्षित लेनदार की हैसियत में समनुदेशक की ओर से कदम उठा रही है और सुरक्षित लेनदार के रूप में इसके अधिकारों की पालना कर रही है। सुरक्षित लेनदार की हैसियत में ईएआरसी ने नीचे उल्लेखित अचल सुरक्षित आस्तियों का कब्जा सरफेसी एक्ट की धारा 13(4) एवं इसके अधीन नियमों के अंतर्गत प्राप्त कर लिया है।
क्रम संख्या 1 के लिए 15 दिन और क्रम संख्या 2 के लिए 30 दिन का नोटिस जन सामान्य तथा विशेष रूप से ऋणधारक, सह-ऋणधारक और जमानतदार(रों) को दिया जाता है कि सुरक्षित लेनदार के पक्ष में बंधक नीचे उल्लेखित अचल सुरक्षित आस्तियां, जिनका सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी (एओ) ने भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया है, को **''जैसी है जहां है'', ''जो भी वहां है'' तथा 'वहां जो कुछ भी है'**आधार पर ईएआरसी की नीचे उल्लेखित बकाया राशि की वसूली इस पर आगामी ब्याज व अन्य खर्चों/लागतों सहित ईएआरसी द्वारा ऋणधारक व जमानतदार से प्राप्त किसी राशि को घटाने के बाद वसूली के लिए विक्रय किया जाएगा। सम्पत्ति के लिए आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि जमा नीचे उल्लेखित है।
नीलामी में रखी गई सुरक्षित आस्ति का विवरण

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	ऋणधारक/सह-ऋणधारक/ के नाम	संस्था का नाम	22.01.2026 के अनुसार कुल बकाया देय	आरक्षित मूल्य (रुपयों में)	बयाना राशि जमा(ईएमडी) रुपयों में	नीलामी की दिनांक व समय	कब्जे का प्रकार
1.	HL04AMJ0 00011974	श्री हरिश कृपलानी (ऋणधारक) सहित श्रीमती रेणुका हरिश कृपालानी (सह-ऋणधारक)	ईएआरसी-ट्रस्ट-एससी-481	रु. 19,36,857.95/-	रु. 5,66,000.00/-	रु 56,600/-	11.02.2026 प्रातः 04:00 बजे	भौतिक

संपत्ति का विवरण: गांव चंडियावास और गांव गेगल, जिला अजमेर में स्थित आवासीय कॉलोनी जिसे अंसल्स सुशांत सिटी के नाम से जाना जाता है में चंदियावास के राजस्व गांव में ब्लॉक 'ई' में भूखंड विला संख्या ई-0483 के भूखण्ड/पार्सल के समस्त खण्ड व हिस्से, और सीमाएँ इस प्रकार हैं: - पूर्वः विला नंबर ए-0417, पश्चिमः 12 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तरः प्लॉट नंबर ए-0484, दक्षिणः प्लॉट नंबर ए-0482
नोटः- इसके द्वारा तत्काल प्रभाव से कोई भी पिछला नीलामी नोटिस वापस लिया जाता है और इस नोटिस को ही माना जाएगा।

2	'HL/0052/H/15/000072/ पूनावाल्ला फिनकॉर्प लिमिटेड	1. मुकेश अग्रवाल (ऋणधारक) 2. सुनीता (सह-ऋणधारक)	ईएआरसी-ट्रस्ट-एससी-481	रु. 3007730.48/-	रु. 12,80,000.00/-	रु 1,28,000.00/-	26.02.2026 प्रातः 01:30 बजे	भौतिक

संपत्ति का विवरण: अचल सम्पत्ति पट्टा नंबर 1, संकल्प नंबर 09, गांव सिकंदरा, मोहल्ला, सीताराम चौक सिकंदरा तहसील सिकराय दौसा - 303325, राजस्थान के समस्त खण्ड व हिस्से, **जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं** - दक्षिण-सड़क, उत्तरः-दादूदयाल मंदिर का बाड़ा, पश्चिम-दादूदयाल मंदिर, पूर्व-दिनेश माहेश्वरी का घर।
नीलामी प्रक्रिया से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी
1. सभी डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एडेलवेइस असेट रिकन्स्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड ईएमडी खाता के पक्ष में तैयार कर और मुंबई में देय है।
2. आरटीजीएस के माध्यम से किए गए ईएमडी भुगतान निम्नलिखित को किए जाएंगे: खाता संख्या का नाम : एडलवेइस एसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड - ईएमडी खाता खाता संख्याः 000405158602 बैंक का नाम -आईसीआईसीआई बैंक आईएफएससी कोडः आईएफएससी आईसीआईसी0000004
3. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि — नीलामी की तारीख से 1 दिन पहले प्राप्त किया गया
4. बोलियों के सबमिशन के लिए जगह — प्रथम तल, एडेलवेइस हाउस, ऑफ सीएसटी रोड, कालिना, मुंबई 400098
5. नीलामी का स्थान (नीलामी के लिए वेब साईट) — ई-नीलामी (https://auction.edelweissarc.in)
6. सम्पर्क विवरण — टोल फ्री नम्बरः1800 266 6540 https://auction.edelweissarc.in
7. संपत्ति के निरीक्षण की तारीख और समय — पूर्व नियुक्ति के अनुसार

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ईएआरसी की वेबसाईट में दिए गए लिंक को देखें अर्थात https://auction.edelweissarc.in
स्थानः राजस्थान हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी
दिनांकः 24.01.2026 कृते एडेलवेइस असेट रिकन्स्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
Edelweiss Asset Reconstruction

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 6वीं मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा टुएनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014 ब्रांच ऑफ यूनिटः यूनिट नंबर 8बी, 8वीं मंजिल, प्लॉट नंबर 39, बच्छराज जी का बाग, सरदारपुरा, जोधपुर, राजस्थान - 342003
ई-नीलामी- बिक्री सूचना सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री
प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।
सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 09.02.2026 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

क्र सं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार(सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित राशि (ई)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
1.	ऋण संख्या LAP00622000000005041 592 एवं HL00062200000005041 181 ओम प्रकाश (ऋणधारक) राधा देवी (सह-ऋणधारक)	नोटिस तारीखः 10-05-2025 कुल बकायाः रु. 1315892.00/- (रुपये तेरह लाख पंद्रह हजार आठ सौ बानवे मात्र) जिसमें LAP00622000000005041592 में 354360.00/- और HL00062200000005041181/- में 961532.00/- का बकाया शामिल है, 10.05.2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक @15.35% और @13.35% प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	प्लॉट नंबर 42, खसरा नंबर 968/52, ग्राम कपारदा, बिलाड़ा, जिला जोधपुर के समस्त खंड व हिस्से, (जिसे इसके बाद उक्त संपत्ति कहा जाएगा) और प्लॉट की सीमाएँ - उत्तरः प्लॉट नंबर 41, दक्षिणः प्लॉट नंबर 43, पूर्वः अन्य खसरा भूमि, पश्चिमः रास्ता, क्षेत्रफल 225 वर्ग गज।	रु.987526.00/- (रुपये नौ लाख सतासी हजार पांच सौ छब्बीस मात्र)	रु. 98752.60/- (रुपये अठानवे हजार सात सौ बावन व पैसे साठ मात्र)	07.02.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	04.02.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	09.02.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
2	ऋण संख्या LAP05812000000005012 592 एवं HL00581200000005008 909 गैंदी लाल मीना (ऋणधारक) किसनी देवी (सह-ऋणधारक)	नोटिस की तारीखः 09-12-2024 कुल बकायाः रु. 1393023.00/- (रुपये तेरह लाख तिरानवे हजार तेईस मात्र) जिसमें LAP05812000000005012592 में 744305.00/- शामिल है और HL00581200000005008909/- में 648718.00/- का बकाया शामिल है, 09.12.2024 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक @14.5% और @10.70% प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	पट्टा नंबर 95, गाँव-सामरेड खुर्द, ग्राम पंचायत-समरेड कलां, तहसील जमवारामगढ़ जयपुर के समस्त खण्ड व हिस्से, (जिसे इसके बाद 'उक्त संपत्ति' कहा जाएगा) **सीमाएँ इस प्रकार हैं:** पट्टा नंबर 95 ग्राम-समरेड खुर्द कुल क्षेत्र (288.88 वर्ग यार्ड) सीमाएँः पूर्वः ओवम शामलात खाली भूमि पश्चिमः 20 फीट चौड़ा आम रास्ता उत्तरः श्रवण लाल की खाली आवासीय भूमि दक्षिणः पप्पू लाल की खाली आवासीय भूमि	रु.1259300.00/- (रुपये बारह लाख उनसठ हजार तीन सौ मात्र)	रु. 125930.00/- (रुपये एक लाख पच्चीस हजार नौ सौ तीस मात्र)	07.02.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	04.02.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	09.02.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड **पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.com